रिहर्सल | कलेक्टर सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा की उपस्थिति रही

गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल हुई

नवभारत/ नरसिंहपुर। नरसिंहपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सोमवार 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह झंडा वंदन करेंगे। कलेक्टर रजनी सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा की उपस्थिति में शनिवार 24 जनवरी को स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्लाटूनों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। उन्होंने बैंड की धुन पर कदम ताल मिलाकर परेड प्रस्तुत की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ. मीणा ने सलामी ली और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया सहित प्रशासनिक व पुलिस विभाग का अमला मौजूद था। समारोह में परेड के साथ विभिन्न विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली जायेंगी।

परेड कमांडर प्रियंक सराटिया नेतृत्व करेंगे

परेड का नेतृत्व परेड कमांडर प्रियंक सराटिया करेंगे। परेड में विशेष सशस्त्र बल 23 वी बटालियन बी कम्पनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज, एनसीसी सीनियर डिवीजन पी.जी. कॉलेज, एनसीसी सीनियर विंग पीजी कॉलेज, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय, एनसीसी जूनियर विंग उत्कृष्ट विद्यालय, एनएसएस सीनियर डिवीजन पी.जी. कॉलेज, एनएसएस जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय, स्काउट गाइड पीएम श्री शासकीय एमएलबी कउमा विद्यालय, रेडक्रास पीएम श्री शास. एमएलबी कउमा विद्यालय, शौर्य दल महिला एवं बाल विकास विभाग और स्काउट गाइड उत्कृष्ट विद्यालय प्लाटून शामिल होंगे।

उदय प्रताप सिंह करेंगे झंडा वंदन

नरसिंहपुर। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को नरसिंहपुर जिले के मुख्य समारोह में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह झंडा वंदन करेंगे। जिला मुख्यालय पर नरसिंहपुर के स्टेडियम ग्राउन्ड पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में मंत्री उदय प्रताप सिंह प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रात: 9 बजे झंडा वंदन किया जाएगा। इसके पश्चात राष्ट्र धुन एवं सलामी, गुब्बारे छोड़े जायेंगे। प्रात: 9.05 बजे परेड कमांडर द्वारा परेड निरीक्षण हेतु अनुरोध व प्रात: 9.07 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड निरीक्षण होगा। प्रात: 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। प्रात: 9.30 बजे जयघोष एवं हर्ष-फायर के बाद प्रात: 9.36 बजे परेड द्वारा मार्च- पास्ट किया जायेगा। प्रात: 9.45 बजे मुख्य अतिथि परेड कमांडरों से परिचय

सतीश धोलपुरे बने वाल्मीकि महासभा के संभागीय उपाध्यक्ष

नवभारत/गोटेगांव। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए गोटेगांव निवासी सतीश कुमार धोलपुरे को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कंसरिया की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय श्रवण के अनुमोदन से धोलपुरे को संभागीय उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, धोलपुरे की लंबे समय से चली आ रही सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति अटूट निष्ठा, लगन और ईमानदार कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस पद के योग्य पाया गया है। महासभा ने आशा व्यक्त की है कि वे अपने नए दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे और समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर सक्रिय रहकर संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा पूरे देश में सामाजिक समरसता और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सतीश धोलपुरे की इस नियुक्ति पर स्थानीय समाजजन और मित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

सट्टेबाजी की गिरफ्त में गांव- कर्ज के दलदल में धंसते परिवार

नवभारत/गोटेगांव। समीपवर्ती करकबेल स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों ऑनलाइन सट्टे और सट्टेबाजी का जाल तेजी से पैर पसार रहा है। आलम यह है कि खिलाड़ी सक्रिय हैं और पुलिस निष्क्रिय, जिसके चलते सट्टेबाजी की खबरें अब आम हो चली हैं। शासन-प्रशासन को सब कुछ ज्ञात होने के बावजूद इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना दिन में तारे नजर आने जैसा दुष्कर कार्य साबित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल अब गली-मोहल्लों तक पहुंच चुका है। खुलेआम चल रहे इस गौरखधंधे से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगना

लाजमी है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि जब पुलिस को इन ठिकानों की जानकारी रहती है, फिर भी कार्रवाई क्यों नहीं होती? कुछ चर्चाएं तो यहां तक हैं कि सटोरियों द्वारा तंत्र को मोटी रकम पहुंचाई जाती है, जिसके कारण ये सट्टेबाज बेखौफ होकर अपना जाल फैला रहे हैं। इस सट्टेबाजी के ओपन, क्लोज और जोड़ी के चक्कर में एक के अस्सी बनाने के लालच में रोजाना हजारों घर बर्बाद हो रहे हैं। सैकड़ों परिवार कर्ज के ऐसे भंवर में डूबे हैं कि कई लोग अपना घर-बार छोड़कर भागने को मजबूर हो गए हैं। सामाजिक जीवन को सामान्य बनाए रखने और परिवारों को उजड़ने से बचाने के लिए इस पर तत्काल रोक लगाना अनिवार्य है। क्षेत्र की जनता अब मांग कर रही है कि चाहे ऑनलाइन सट्टा हो या खुल्लम-खुल्ला चलने वाला अवैध कारोबार, इसे पूरी तरह बंद किया जाए ताकि युवा पीढ़ी को इस बर्बादी से बचाया जा सके।

संविधान सम्मान एवं तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन 26 जनवरी को

नवभारत/गाडरवारा। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सालीचौका नगर परिषद के पोडार चौराहा से शुरू होकर सालीचौका-बसुरिया-बारहाबड़ा सूखा खैरी और नगर परिषद चीचली क्षेत्र के नगर चीचली में भ्रमण के उपरांत। उक्त तिरंगा यात्रा एवं संविधान सम्मान रैली गाडरवारा पलोटनगंज पर समाप्त होगी। उक्त यात्रा में बड़ी संख्या में अंबेडकरवादी संविधान प्रेमी और राष्ट्रभक्त लोगों के शामिल होने की सूचना मिल रही है। लोगों ने बताया है कि 26 जनवरी 2026 को प्रथम बार युवाओं के द्वारा

ऐसा प्रयास किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में युवा बाइक रैली के माध्यम से तिरंगा यात्रा और संविधान के सम्मान में एक रैली का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तमाम कस्बाई क्षेत्र गांव से युवा बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। संविधान तिरंगा यात्रा की शुरुआत पोडार चौराहा से होगी साथ ही यात्रा का समापन गाडरवारा में बड़ी संख्या में लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। किसी व्यक्ति दल संघ समूह वर्ग जाति वर्ण विशेष की नहीं बल्कि संविधान और बाबा साहब अंबेडकर के बारे है जिससे जन जन में राष्ट्र प्रेम और संविधान की मान्यताओं का अनुभव हो। सभी से आग्रह है उक्त यात्रा में जरूर सभी जन शामिल हो।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से

नवभारत/नरसिंहपुर। बाईपास फोर लाइन पर स्थित प्राचीन बड़ी खेरापति मढिया पर मैया की नई मूर्ति एवं श्री शिवलिंग की स्थापना होगी। इसके लिए दिनांक 25, 26 से 27 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। साथ ही 27 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के तहत 28 जनवरी को भंडारा आयोजित है। सभी से उक्त कार्यक्रमों में उपस्थित की अपील की गई है।

बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कारगार साबित होगा तेजस्वी कार्यक्रम

नवभारत/तेंदूखेड़ा। छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विगत दिवस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा नवमी और ग्यारहवीं के छात्रों को औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कराने से लेकर छोटे छोटे क्षेत्रीय उद्यमियों से साक्षात्कार करवा कर व्यवसायिक क्षेत्रों में कैसे संलग्न हों कैसे आगे बढ़े बाजारों से जोड़ने से लेकर हर स्तर की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।इसी के तहत विगत दिनों शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों उद्यमी मानसिकता विकसित करने के लिए कक्षा 9वी और 11 वी के छात्रों को तेजस्वी कार्यक्रम के तहत विक्रय मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने कम लागत

और टीम वर्क में काम करके कुछ उत्पादों का निर्माण किया और विक्रय के लिए दुकानें लगाई ।कार्यक्रम में बहुत ही छोटे से रुप में आगे बढ़कर आज बडे व्यापारी बने किराना व्यवसायी संदीप जैन और चाट नाश्ता बेचने वाले प्रसन्न शर्मा ने अपनी व्यावसायिक यात्रा छात्रों के साथ साझा की और छात्रों में व्यवसायिक उद्यमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि शासन की राष्ट्रीय शिक्षा नीति और तेजस्वी कार्यक्रम निश्चित रूप से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काफी कारगार साबित होगी।हम अपने आस पास एक अच्छा बाजार माहौल पैदा कर सकते हैं। जरुरी नहीं कि बड़ी लागतों से ही व्यवसाय शुरू किये जायें छोटी छोटी लागतों से भी हम आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बड़े बड़े व्यवसायियों के उदाहरण देकर छात्रों को प्रेरित किया। छात्रों ने भी कुछ घरेलू फालतू पड़ी सामग्री से अच्छे सुंदर आइटम बनाये और मेले के दौरान प्रदर्शित किए गए। इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षकों का भी सराहनीय सहयोग के साथ उपस्थिति रही।

बसंत पंचमी पर बीएसएल स्कूल में सरस्वती पूजन का आयोजन हुआ

नवभारत/करेली। बसंत पंचमी के पावन पर्व के अवसर पर ग्रेस लैंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित बी एस एल पब्लिक स्कूल करेली में विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुई। शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। गायत्री परिवार के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन का आयोजन किया गया, जिसे जी.पी. सनेडिया द्वारा संपन्न कराया गया। हवन के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने आहुति अर्पित कर विद्यालय, समाज एवं राष्ट्र की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक चेतन लूनावत एवं प्राचार्य, मिथिलेश राजौरिया ने बसंत पंचमी के महत्व पर कहा कि यह पर्व ज्ञान,शिक्षा, सृजनात्मकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

एक नजर में

दूधी नदी पर जनभागीदारी से बना बोरी बंधान, गर्मी में बुझेगी प्यास

नवभारत/ साईखेड़ा। भीषण गर्मी की आहट और गहराते जल संकट के बीच म.प्र. जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, अंजदा ने जल संरक्षण की दिशा में एक बड़ी मिसाल पेश की है। समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर दूधी नदी के अंजदा घाट पर %विशाल बोरी बंधान% का कार्य संपन्न किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नदी के बहते पानी को रोककर जलस्तर बढ़ाना और मवेशियों के लिए पानी उपलब्ध कराना है। सामुदायिक एकता की दिखी मिसाल समिति अध्यक्ष भोपाल पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने बड़-चड़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही ग्रामीण बोरियों में रेत और मिट्टी भरकर नदी की धारा को रोकने के प्रयास में जुट गए। देखते ही देखते जनसहयोग से एक मजबूत अस्थायी बांध तैयार कर दिया गया।

संपन्न हुआ विद्या अर्जन संस्कार

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। बसंत पंचमी के अवसर पर नगर के गुरुकुल आधारशिला इंटरनेशनल विद्यालय में पंच कुंडी हवन का आयोजन कर 16 संस्कारों में से एक विद्या आरंभ संस्कार भी बच्चों को वैदिक रीति नीति से आचार्य पं शरद तिवारी संचालक रत्नेश बाजपेई तथा प्राचार्य राजेंद्र रघुवंशी के माध्यम से संपन्न कराया गया।इस मौके पर बसंत रितु सरस्वती प्रकटोत्सव के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया ।आचार्य पं शरद तिवारी के द्वारा बताया गया की प्राचीन काल के गुरुकुलों में 16 संस्कार में से एक संस्कार विद्या अर्जन का बसंत पंचमी के दिन ही शुरू हुआ करता था। बच्चों को यज्ञ के बारे में तथा सिर पर शिखा रखने माथे पर तिलक धारण करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक पालक और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के बैनर तले देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि मोनी अमावस्या के दिन ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के साथ उ प्र सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस द्वारा अभद्रता एवं उनके शिष्यों के साथ मारपीट चोटी पकड़ कर घसीटा गया है।इस घटना से संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। तत्काल प्रभाव से उक्त अधिकारियों पुलिस कर्मियों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

आज निकलेंगी चुनरी शोभायात्राएं

नवभारत/तेंदूखेड़ा। म प्र की जीवन रेखा कलयुग में मोक्षदायिनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के प्रकटोत्सव का महापर्व नर्मदा जयंती पर्व पर आज तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का विशेष सैलाब उपस्थित रहेगा। घाटों को सुंदर सजाया जा रहा है।लेकिन इन सभी घाटों पर प्रशासनिक समुचित व्यवस्थाओं की जरूरत है। मुख्य रुप से क्षेत्र के ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु चुनरी शोभायात्राएं लेकर पहुंचेंगे भंडारे आयोजित किए जाएंगे। लेकिन इन सभी घाटों पर प्रकाश व्यवस्था से लेकर अन्य वे सभी सुरक्षा इंतजामों की महती आवश्यकता है।पर्व विशेषों पर पूर्व में हुई घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इस बार छोटे छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। वहीं दूसरी तरफ गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर चलने वाले भारी बाहनों पर पूर्णत: प्रतिबंधित

नया बूथ बनने से मतदाताओं में हर्ष उत्साह पूर्वक ली शपथ

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विधानसभा क्षेत्र में कुछ नये बनाये गये हैं। जिसमें बूथ क्र. 33 धूपखेड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार 23 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे पर मतदाओं ने मतदान केंद्र पर पहुंच कर 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाकर भारत के लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादाओं को बनाये रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर जाति धर्म वर्ग समुदाय भाषा व अन्य किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुये विना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार के प्रयोग करने की शपथ ली। जिसमें ग्राम के सभी वर्गों के मतदाताओं की उपस्थिति रही। ग्राम के सबसे बुजुर्ग 94 वर्षीय मतदाता पं. तुलसीराम शर्मा ने केंद्र पर पहुंच कर प्रसन्नता के साथ शपथ ग्रहण की। गौरतलब रहे कि आजादी के बाद से अभी तक यहां के मतदाता 4 से 12 कि.मी. दूर रम्पुरा घुघरी बिजौरा बूथों पर जाकर मतदान किया

सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर देशप्रेम के रंग में रंगा मिनी स्टेडियम

नवभारत/गोटेगांव। नगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मिनी स्टेडियम परिसर में को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्म जयंती गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर स्टेडियम में स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया और राष्ट्रभाव के साथ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। स्नेहलता श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी के विचार तभी सार्थक होंगे जब युवा वर्ग उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करेगा। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन मिलने पर युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बन सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फिजिकल एकेडमी के कोच मुकेश बर्मन के साथ नन्हे बालक विवान डेहरिया और ओम भनारे

रहे, जो नेताजी सुभाषचंद्र बोस की वेशभूषा में स्टेडियम पहुँचे। इन नन्हे बालकों का यह रूप उपस्थित सभी लोगों के लिए प्रेरणा और गर्व का विषय रहा। इस अवसर पर रोहित, अंकित तिवारी, दिनेश, जागेश्वर, प्रशांत, दीपाली श्रीवास्तव, नेहा, पूजा, अमीषा, रुद्र, रश्मि, प्रियंका, राहुल, विश्वनाथ, लखन मेहरा और राजकुमार मेहरा सहित अनेक युवाओं ने नेताजी के जीवन संघर्षों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने देश सेवा का संकल्प लिया।

जैविक इलेवन खुलरी बनी विजेता, मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने पुरस्कार बांटे

माँ नर्मदा क्रिकेट क्लब उसराय के तत्वावधान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

नवभारत/ गाडरवारा। माँ नर्मदा क्रिकेट क्लब उसराय के तत्वावधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह ग्राम उसराय में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जैविक इलेवन खुलरी की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं उपविजेता रही नर्मदा क्रिकेट क्लब रीछावर को सरपंच मलखान पटेल के सौजन्य से 11हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को स्वीकार करते हुए 50 लाख रुपये की विकास राशि देने की घोषणा की, जिसका उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ऋचा स्थापक ने भी खिलाड़ियों की खेल भावना और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन ठाकुर रणजीत सिंह मंटू राजपूत द्वारा किया गया।

आयोजन समिति

आयोजन समिति के सदस्य सीताराम राजपूत, रोहित राजपूत, शिवपाल राजपूत, राजा राजपूत, अनुज राजपूत, सूरज राजपूत, मलखान झारिया, सुनील झारिया, राजकुमार ठाकुर, भोजराज सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। समापन समारोह के दौरान मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, दिग्विजय राजपूत, राजेश पटेल, प्रियांक जैन, रंजन स्थापक, मूरत पटेल, सज्जन पटेल, लल्ली पटेल, सुरेन्द्र पटेल, रमाकांत शुक्ला, अज्जू शुक्ला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सरपंच गण अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मैच के दौरान सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कालोनाइजरों की मनमानियों को लेकर रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत/तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पूर्व में सर्वसुविधायुक्त कालौनी बनाने का झांसा देकर आवासीय भूखण्ड विक्रय किए गए और जरुरत मंदों द्वारा अपने अपने आलीशान मकान भी बना लिए लेकिन इन रहवासियों को आज तक ना तो पीने का पानी सड़क बिजली और निस्तार के पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था ना बन पाने के कारण कालौनी वासी अपने आप को ठगा सा महसूस करने और परेशान देखे जाते हैं।ऐसा ही एक मामला विगत दिनों सामने आया जब नगर के वार्ड क्रमांक 06 के अंतर्गत शारदा नगर के नाम से पूर्व में काटी गई कालौनी में आज तक कालोनाइजर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पाये जिसे लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित वर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से लेकर कलेक्टर तक अपनी समस्याओं को उजागर करते हुए लिखित शिकायतें की गई है। जिसमें पीड़ित वर्ग ने उल्लेख किया है कि बरसात के दिनों में उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कीचड़ ही कीचड़ बनीं रहती है। निस्तार का गंदे पानी के जहां तहां डबरा भरे होने के कारण गंदगी पूर्ण माहौल और मच्छरों को पनपने से विभिन्न प्रकार की संक्रामक बीमारियों को अपने पैर पसारने का खतरा बना रहता है। यहां पर पीने के पानी की भी कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। रहवासियों ने अपने अपने स्तर से हेंडपंप तो खनन करवा लिये है यहां पर जमीनी जल स्तर पर्याप्त ना होने के कारण गर्मी के दिनों में परेशानी हुआ करती है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि शीघ्र ही इस दिशा में निष्पक्ष जांच कराते हुए उचित एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाये।